रविवार
20 अगस्त, 2023
# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज





सीएम नीतीश कुमार ने अल्प वर्षापात वाले जिलों का किया हवाई सर्वे

2



### अररिया में हत्या: मुख्यमंत्री के आदेश पर एक्शन में आयी पुलिस

# पत्रकार विमल मर्डर केस के 4 नामजद आरोपी गिरफ्तार

- शुक्रवार की सुबह पत्रकार विमल यादव को अपराधियों ने मार दी थी गोली
- मृतक के पिता के फर्द बयान पर आठ नामजद के विरुद्ध दर्ज हुआ है मामला
- दो नामजद आरोपित पूर्व से ही न्यायिक हिरासत में जेल में हैं, शेष दो की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कर रही छापेमारी

**केटी न्यूज/पटना**

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र के बेलसरा गांव निवासी पत्रकार हत्याकांड के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने चार नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अशोक कुमार सिंह ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की सुबह एक दैनिक अखबार के पत्रकार विमल यादव को अपराधियों ने घर से बुलाकर गोली मार दी थी, जिसमें विमल यादव की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। इस मामले में मृतक के पिता हरेंद्र प्रसाद सिंह के फर्द बयान पर आठ नामजद के विरुद्ध रानीगंज थाना में मामला दर्ज हुआ है। घटना पर संज्ञान लेते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

एसपी अशोक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चार नामजद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। दो नामजद आरोपित न्यायिक हिरासत में जेल में हैं, उसे भी रिमांड पर लेने की मांग की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों में विपिन यादव भरगामा थाना क्षेत्र के भरना गांव का निवासी है, जबकि भवेश यादव और आशीष यादव रानीगंज थाना क्षेत्र के बेलसरा गांव के रहने वाले हैं। चौथा आरोपित उमेश यादव रानीगंज थाना क्षेत्र के कोशिकापुर का निवासी है। सभी आरोपितों को सघन पूछताछ कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। न्यायिक अभिरक्षा में बंद आरोपितों में रूपेश यादव बेलसरा गांव और कांति यादव कोशिकापुर उत्तर गांव के निवासी हैं। शेष दो आरोपितों की गिफ्तारी के लिए सघन छापामारी अभियान चल रहा है। बहुत जल्द उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### एसपी बोले... गिरफ्तार आरोपितों का है आपराधिक इतिहास



पत्रकार विमल यादव।

एसपी ने कहा कि गिरफ्तार सभी आरोपितों का अपराधिक इतिहास रहा है। आरोपित भवेश यादव के विरुद्ध पूर्व से भरगामा, बनमंखी, रानीगंज, बहादुरगंज किशनगंज थाना में हत्या, लूट सहित अन्य संगीन धराओं में मामला दर्ज है। विपिन यादव के विरुद्ध रानीगंज थाना में हत्या का कांड दर्ज है। माधव यादव के विरुद्ध भी पूर्व रानीगंज थाना में हत्या, लूट, हत्या का प्रयास सहित कई गंभीर चार मामले दर्ज हैं। शेष आरोपित अर्जून शर्मा, कांति यादव, रूपेश कुमार यादव का भी पूर्व से अपराधिक इतिहास रहा है। एसपी ने कहा कि मृतक विमल कुमार यादव के द्वारा एसपी कार्यालय एवं थाना में अपने सुरक्षा या सशस्त्र अनुज्ञप्ति से संबंधित कोई आवेदन नहीं दिया गया था। थाना स्तर पर भी मृतक द्वारा अपनी सुरक्षा से संबंधित कभी भी कोई मौखिक या लिखित रूप से शिकायत नहीं की गई थी।

### हत्याकांड के बाद बिहार में गरमाई सियासत, सरकार की किरकिरी

#### लालू से हाथ मिलाने के बाद अपराध बढ़ा: सुशील मोदी

पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने अररिया में पत्रकार और समस्तीपुर में दारोगा की हत्या की दुस्साहसिक घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि सरकार अपराधियों के आगे घुटने टेक चुकी है। नीतीश कुमार ने सत्ता में बने रहने के लिए क्राइम, करप्शन और कम्युनलिज्म, यानी 'ट्रिपल सी' से समझौता कर लिया है। वे अपराध रोकने की इच्छा-शक्ति खो चुके हैं। जो सरकार अपराधियों की जाति और धर्म देख कर कार्रवाई करती है, वह राज धर्म का पालन नहीं कर सकती। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार में कानून का राज कायम करने के लिए राजनीति को किनारे रख कर राज धर्म का पालन करना चाहिए। नीतीश कुमार ने जब-जब लालू प्रसाद से हाथ मिलाया, राज्य में अपराधियों का मन बढ़ा। आरजेडी के साथ दूसरी पाली में नीतीश सरकार पूरी तरह बालू-शराब माफिया और पशु तस्करों के दबाव में आ चुकी है।

#### सरकार ने अपराधियों के आगे घुटना टेक दिया: विजय सिन्हा

नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने समस्तीपुर में दारोगा और अररिया में पत्रकार की हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने अपराधियों के सामने घुटना टेक दिया है। बिहार जंगलराज से गुंडाराज में बदल रहा है। अपराधी बुलंद हौसले से काम कर रहे हैं और पत्रकार की भी हत्या कर रहे हैं। 17 अगस्त को दिल्ली से पटना आने पर पटना एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि देख लीजिए, राज्य में अपराध कितना कम है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि एक वर्ष पूर्व महागठबंधन की सरकार बनी थी और उसी समय से अपराधी को पुलिस से भय खत्म हो गया, ये शासन के संरक्षण में अपराध की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इनकी सरकार बनने के बाद से अभी तक 5 हजार से अधिक लोगों को गोली मारी गई है। हत्या, लूट, अपहरण, दुष्कर्म, बैंक डकैती, साइबर क्राइम की घटनाओं में असीमित बढ़ोतरी हुई है।

**पशुपति पारस ने भी साधा निशाना:** केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस ने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। बिहार में पुलिस, जनता, पत्रकार और नेता इन चारों की खैर नहीं है। जिसके खिलाफ बिहार की जनता ने जनादेश दिया था, फिर भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उसी से गठबंधन कर लिया।

## देश में बन रहा एआई संचालित भाषा अनुवाद मंच: मोदी

**एजेंसी/बेंगलुरु**

बेंगलुरु में जी-20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की बैठक में पीएम मोदी ने कहा, आज, भारत में 850 मिलियन से अधिक इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं जो दुनिया में सबसे सस्ती डेटा लागत का आनंद ले रहे हैं। जी-20 सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हम एआई संचालित भाषा अनुवाद मंच 'भाषिणी' का निर्माण कर रहे हैं। यह भारत की सभी विविध भाषाओं में डिजिटल समावेशन का समर्थन करेगा। पीएम ने कहा, भारत का डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा वैश्विक चुनौतियों के लिए स्केलेबल, सुरक्षित और समावेशी समाधान प्रदान करता है। पीएम मोदी ने कहा, हम मानवता के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के लिए एक संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण कर सकते हैं। इसके लिए हमें केवल चार सी की आवश्यकता है, जो है: दृढ़ विश्वास, प्रतिबद्धता, समन्वय और सहयोग। पीएम मोदी ने कहा, हमारा अद्वितीय डिजिटल पहचान प्लेटफॉर्म आधार हमारे 1.3 बिलियन से अधिक लोगों को कवर करता है। हमने भारत में वित्तीय समावेशन में क्रांति लाने के लिए रत्न त्रिमूर्ति - जन-धन बैंक



खाते, आधार और मोबाइल की शक्ति का उपयोग किया है। 45% से अधिक वैश्विक वास्तविक समय भुगतान भारत में होते हैं.. कोविन पोर्टल ने भारत के टीकाकरण अभियान का समर्थन किया।

वहीं केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, बेंगलुरु दुनिया की कुछ सबसे नई कंपनियों का घर है... डिजिटल इकोनॉमी वर्किंग ग्रुप के लिए भारतीय राष्ट्रपति द्वारा चुने गए तीन प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं - डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई), डिजिटल इकोनॉमी में सुरक्षा और डिजिटल स्केलिंग। ये पीएम मोदी की प्राथमिकताओं को दशार्ते हैं। पीएम मोदी प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण में विश्वास करते हैं।

### जी20 सम्मेलन के बहाने चुनावी कार्यक्रम चला रहा केंद्र: कांग्रेस

जी-20 देशों का शिखर सम्मेलन नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर जी-20 शिखर सम्मेलन के बहाने चुनावी कार्यक्रम चलाने का गंभीर आरोप लगाया है। कांग्रेस का आरोप है कि महत्वपूर्ण मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने इसे लेकर ट्वीट किया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर जी20 सम्मेलन के बहाने राजनीति करने और चुनावी कार्यक्रम चलाने का आरोप लगाया है। जयराम रमेश ने लिखा कि 'जी-20 का गठन 1999 में हुआ था। 19 देश और यूरोपीयन यूनियन इसके सदस्य हैं। इसके गठन से लेकर अब तक 17 देशों में बारी-बारी से जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन हुआ है और अब भारत का नंबर है। जयराम रमेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि 'यहां इसे लेकर जिस तरह से चुनावी कैंपेन चलाया जा रहा है और माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है, वैसा किसी दूसरे देश में नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि अन्य जरूरी मुद्दों से लोगों का ध्यान हटाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

### केंद्र की उड़ान योजना 93 %मार्गों पर नहीं कर रही काम: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को दावा किया कि कैग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र की 'उड़ान' योजना 93 फीसदी मार्गों पर काम नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से आम लोगों को सिर्फ झूठ और जुमले मिले। क्षेत्रीय हवाई संपर्क को प्रोत्साहित करने और टियर-2 और टियर-3 शहरों और कस्बों में जनता के लिए हवाई यात्रा को किफायती बनाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 21 अक्टूबर, 2016 को उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के नाम से एक क्षेत्रीय संपर्क योजना शुरू की गई थी। उन्होंने ट्वीट किया,'उड़ान मिली नहीं, बस झूठ और जुमलों की बात की! भारत अब ऐसी अक्षम सरकार को माफ नहीं करेगा।

## सोशल मीडिया पर अपमानजनक पोस्ट करने वालों को जरूरी है सजा मिलना: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया उपयोगकताओं को इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में सावधान रहने की हिदायत देते हुए अभिनेता और तमिलनाडु के पूर्व विधायक एस वे शेखर द्वारा दायर याचिका को खारिज कर दी है। अभिनेता ने 2018 में कथित तौर पर महिला पत्रकारों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों वाली एक फेसबुक पोस्ट साझा की थी और इसी मामले पर की आज सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद जस्टिस बी आर गवई और जस्टिस प्रशांत कुमार की बेंच ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपमानजनक या अभद्र पोस्ट करने वालों को सजा मिलनी जरूरी है।

एस वे शेखर ने पोस्ट से संबंधित



आपराधिक कार्यवाही को रद्द करने की मांग वाली याचिका लगाई थी जिसे खारिज कर दिया गया है। बेंच ने याचिकाकर्ता का के वकील से कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया का उपयोग करता है, तो उसे इसके प्रभाव और पहुंच के बारे में अधिक सावधान रहना चाहिए।

शेखर के वकील ने तर्क दिया कि घटना के दिन शेखर ने अपनी आंखों में कुछ दवा डाल ली थी, जिसके कारण वह अपने द्वारा साझा की गई पोस्ट की सामग्री को नहीं पढ़ नहीं सके। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी को सोशल मीडिया का इस्तेमाल जरूरी लगता है तो उसे परिणाम भुगतने के लिए भी तैयार रहना चाहिए।

**क्या है मामला:** यह पूरा मामला 2018 का है। एक महिला पत्रकार ने तमिलनाडु के तत्कालीन गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर किया ता जिसे एस वे शेखर ने शेयर करते हुए अपनी राय दी थी। उनके इस पोस्ट के बाद काफी विवाद हुआ था। उ्टड ने उनके इस्तीफे की मांग की थी, हालांकि शेखर ने बाद में माफी मांगी थी और पोस्ट भी डिलीट कर दिया था लेकिन मामला कोर्ट में पहुंच ही गया।






### पूर्णिया धमदाहा स्टेट हाइवे पर इथेनॉल फैक्ट्री के पास हादसा

# पूर्णिया में ऑटो को बस ने मारी टक्कर, चार मरे

- हादसे में सात लोग घायल, दो की हालत गंभीर
- कोर्ट में गवाही देने जा रहे थे सभी, हो गए हादसे का शिकार

**केटी न्यूज/पटना**

पूर्णिया में 12 लोग ऑटो से कोर्ट में गवाही देने जा रहे थे, तभी काल बनकर आई बस ने ऐसी टक्कर मारी की चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि सात लोग घायल हो गए। पूर्णिया धमदाहा स्टेट हाइवे पर कृत्यानंद नगर थाना के इथेनॉल फैक्ट्री के पास की घटना है। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 10 बजे ये हादसा हुआ। पैसेंजर्स से भरे टेम्पो और बस के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। सभी घायलों को स्थानीय पुलिस और लोगों की मदद से इलाज के लिए जीएमसीएच में भर्ती कराया गया। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक मृतक के बेटे गणेश उरांव ने कहा कि धमदाहा प्रखंड के विशनपुर गांव के 12 लोग ऑटो से गवाही देने के लिए पूर्णिया कोर्ट जा रहे थे। तभी एथेनॉल फैक्ट्री के पास पूर्णिया से धमदाहा की तरफ जा रही एक अनियंत्रित बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस जोरदार टक्कर में ऑटो के परखच्चे उड़ गए।



### हादसे के शिकार सभी लोग एक ही परिवार के

इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की मौत अस्पताल लाने के दौरान हो गई। इस दुर्घटना में बाबजा उरांव, अनूप लाल उरांव, डोमी उरांव और जितेंद्र उरांव की मौत हो गई है। सभी एक ही परिवार के रहनेवाले हैं। घटना में घायल 7 लोगों में राजेंद्र उरांव, नूनूलाल उरांव, जियालाल उरांव, दशरथ उरांव, दिनेश उरांव, साधु उरांव और ऑटो ड्राइवर मोहन साह शामिल हैं। परिजनों का कहना है कि सभी लोग एक ही टेम्पो में बैठकर पूर्णिया सिविल कोर्ट आ रहे थे। इनलोगों का जमीन का विवाद चल रहा था। इसी की सुनवाई के लिए आ रहे थे। इसी दौरान सामने से एक तेज रफ्तार बस ने रौंद दिया।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पूर्णिया की ओर जा रही ऑटो वापस मुड़कर धमदाहा की तरफ हो गई थी जिस कारण 3 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर पहुंची के नगर थाना पुलिस ने टक्कर मारने वाली बस एवं ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया है तो मृतकों के लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस कर रही मामले की पड़तालः वहीं, घटना की सूचना मिलते ही सदर एसडीपीओ पुष्कर कुमार के. नगर थाना प्रभारी मुकेश मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचे। एसडीपीओ पुष्कर कुमार ने कहा कि बस और टेम्पो में टक्कर हुई है। जिसमें चार लोगों की मौत हो गई, घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# सीएम नीतीश कुमार ने अल्प वर्षापात वाले जिलों का किया हवाई सर्वे

- अधिकारियों से अल्प वषापर्ात के कारण उत्पन्न स्थिति पर नजर रखने का दिया निर्देश
- सीएम ने किसानों को हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने को कहा

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अल्पवृष्टि से प्रभावित औरंगाबाद, गया, नवादा, शेखपुरा, जमुई एवं नालंदा जिले के विभिन्न प्रखंडों का हवाई सर्वेक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से अल्प वषापर्ात के कारण उत्पन्न स्थिति पर नजर रखने और उसी आधार पर कार्ययोजना बनाने को कहा। दरअसल, मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को ही एरियल सर्वे के जरिए कम बारिश वाले इलाकों का जायजा लेने का निर्णय लिया था।



हवाई सर्वेक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इन क्षेत्रों में किसानों को हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डीजल अनुदान योजना के तहत किसानों को सिंचाई हेतु डीजल अनुदान के रूप में सहायता दी जा रही है। सभी जरूरतमंद किसानों को तेजी से इसका लाभ दिलाएं ताकि उन्हें राहत मिल सके। इसके अलावा किसानों को 16 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति जारी रखें, जिससे वे निर्बाध रूप से खेतों में सिंचाई कर सकें।

मुख्यमंत्री ने अल्प वषापर्ात के कारण धान की रोपनी की स्थिति की अद्यतन जानकारी प्राप्त करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने इच्छुक किसानों को आकस्मिक फसल योजना के तहत निःशुल्क बीज उपलब्ध कराने हेतु पर्याप्त बीज की उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया। कृषि विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को बताया कि अल्प वषापर्ात वाले जिलों में वैकल्पिक फसल के लिये किसानों के बीच निःशुल्क मक्का के बीज का वितरण किया गया है। आगे यह व्यवस्था जारी रहेगी। हवाई सर्वेक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल एवं मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह मौजूद थे।

# बिहार में जाति आधारित जनगणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में जाति जनगणना पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और याचिकाकताओं के तर्क को खारिज कर दिया है कि यह एक नागरिक की निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन करता है। चूंकि डेटा एकत्र करने की कवायद 6 अगस्त को पूरी हो चुकी थी, इसलिए इसका विरोध करने वाले याचिकाकताओं ने सार्वजनिक डोमेन में डेटा जारी या अपलोड करने पर रोक लगाने के लिए शीर्ष अदालत से आदेश मांगा. हालांकि, अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा, ह्यजब किसी से उसकी जाति या उप-जाति बताने के लिए कहा जाता है तो निजता का अधिकार कैसे प्रभावित होता है? वह व्यक्तिगत डेटा जनता के लिए जारी नहीं किया जाता है, जो जारी किया जाता है वह संचयी आंकड़े हैं। हालांकि, एनजीओ यूथ फॉर इक्वेलिटी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सीएस वैद्यनाथन ने कहा कि सर्वे के नाम पर लोगों को ह्यअपनी जाति बताने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। इस पर जस्टिस खन्ना ने कहा, आपकी जाति आपके पड़ोसियों को पता है। सर्वे में पूछे गए 17 प्रश्नों में से कौन सा प्रश्न गोपनीयता का उल्लंघन है?

# बांका जिले में नहाने के दौरान एक ही परिवार की तीन बच्चियों की तालाब में डूब जाने से मौत

**केटी न्यूज/पटना**

बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा गांव में शनिवार को एक ही परिवार के तीन मासूम बच्चियों की मौत स्नान के दौरान तालाब में डूब जाने से हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतका आपस में दो सगी बहन और एक चचेरी बहन बताई जा रही हैं। एक ही परिवार की तीन मासूम बच्चियों की मौत से गांव सहित परिजनों में मातम छा गया है। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन जुट गई। तीनों बच्चियों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बांका भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शंभूगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनडीहा ग्राम निवासी फंटूश यादव की 10 वर्षीय पुत्री सिंपल कुमारी, 9 वर्षीय शिवानी कुमारी और कुंदन यादव की 8 वर्षीय पुत्री राजनंदनी कुमारी तीनों बहनें एक साथ शनिवार के दिन सोनडीहा गांव स्थित तालाब में स्नान करने के लिए गई हुई थी। काफी देर तक तीनों बहनें जब वापस घर लौट कर नहीं आई तो परिजनों ने बच्चियों की खोजबीन तालाब के किनारे शुरू की, लेकिन तीनों बच्चियां कहीं नजर नहीं आईं।

### ग्रामीणों की मदद से शव को निकाला गया

इसके बाद परिजनों ने हल्ला करना शुरू कर दिया। हल्ला सुनकर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर जुट गए और ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर खोजबीन शुरू की, काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने तालाब के अंदर से तीनों बच्चियों को खोजकर बाहर निकाला, लेकिन तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं, घटना की सूचना के बाद मौके पर शंभूगंज थानाध्यक्ष नीरज तिवारी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे।



## खबरें फटाफट

### विवाद में युवक की पिटाई, केस दर्ज

डुमरांव। शहर के ठठेरी बाजार में विवाद के बाद एक युवक की पिटाई किये जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में चतुरशालगंज के रहने वाले राजू यादव के पुत्र गौतम कुमार ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर एक नामजद सहित पांच अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि गढ़ चौक के नीचे ठठेरी बाजार में नाश्ता कर बाहर निकला। इसी दौरान चतुरशालगंज के शशिकांत यादव सहित पांच अज्ञात युवकों ने मुझे पकड़ लिया और लोहे के रड तथा डंडा से पिटाई करने लगे। वे लोग जबरन मुझे गाड़ी में बैठाना चाहते थे। हो-हल्ला सुनकर राहगीर इकट्ठा हुए तब सभी आरोपी मुझे छोड़ भाग खड़े हुए। पीड़ित की माने तो आरोपी उसका अपहरण करना चाह रहे थे। इस संबंध में डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

### गांजा तस्करों को पकड़ने आई पुलिस टीम खाली हाथ लौटी

**कृष्णाब्रह्म।** शनिवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के टुड़ीगंज बाजार निवासी मादक पदार्थों के दो तस्करों को पकड़ने आई छतीसगढ़ पुलिस को बैरंग लौटना पड़ा। दोनों तस्कर फरार हो गए थे। जानकारी के अनुसार टुड़ीगंज के गुप्तेश्वर सिंह के पुत्र विनय कुमार व शिवशंकर सिंह के पुत्र दिनेश सिंह पर छतीसगढ़ के कोंडा गांव जिला के फारस गांव थाना में वर्ष 2019 में ही गांजा तस्करी के आरोप में मामला दर्ज हुआ था। दोनों इस मामले में फरार चल रहे थे। छतीसगढ़ कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद शनिवार को छतीसगढ़ के फारस गांव थाना के एएसआई किशोर प्रजापति के नेतृत्व में एक टीम आई थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से गांजा तस्करों के घर छापेमारी भी करवाया गया। लेकिन दोनों फरार थे।

# इसी माह तीन प्रमुख मंदिरों का वार्षिकोत्सव, साफ सफाई में जुटा नप

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव में इस महीने तीन चर्चित मंदिरों का वार्षिकोत्सव मनया जाने वाला है। जिसमें अनुमंडल इलाके के हजारों श्रद्धालु वार्षिक पूजनोत्सव व मेले में शिरकत कर अपने जीवन की मंगलकामना करते है। इन आयोजनों में डुमरांव नगर परिषद स्वच्छता का पैगाम देकर श्रद्धालुओं का स्वागत करने की तैयारी में जुट गया है। नप ने इसके लिए मास्टरप्लान तैयार किया है। नगर परिषद की प्रशासनिक टीम के साथ सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों ने शहर के कई मंदिरों का निरीक्षण किया और समय से पूर्व सफाई अभियान तेज करने को लेकर एनजीओ के सुपरवाइजरों को निर्देश दिया है। इसके लिए अलग से सफाई की सख्त मॉनिटरिंग की जायेगी।

नप ने सफाई की जिम्मेदारी उप सहायक बजेंद्र राय को सौंपी है। बताया जाता है कि 23 अगस्त को मां काली वार्षिकोत्सव मेला, 30 अगस्त को मां भगवती वार्षिकोत्सव मेला और 31 अगस्त को नगर देवी मां डुमरेजनी का वार्षिकोत्सव मेला आयोजित होगा, जिसको लेकर शहर के अलावे मेला स्थल चकाचक दिखे इसके लिए नप सुबह-शाम दोनों वक्त सफाई कर कूड़े का उठाव करेगा। नालियों की सफाई और गंदे पानी का ठहराव कही न हो इस पर भी निगरानी होगी। इस सफाई अभियान के लिए अतिरिक्त सफाईकर्मी भी रखे जायेंगे। शहर स्वच्छ रहे इसका विशेष ख्याल रखा जायेगा। इसके साथ ही मां काली वार्षिकोत्सव पर कांव नदी पुल और रामसूरत राय पोखरा का बैरिकेडिंग की जायेगी।

शहर के चौक-चौराहों पर लगे डस्टबीन में कचरा फेंकने की अपील कर श्रद्धालुओं को स्वच्छता का संदेश दिया जायेगा। इन मंदिरों में वार्षिकोत्सव की तैयारी को लेकर व्यवस्थापक भी मंदिर परिसर की रंग-रोगन व सफाई के साथ आकर्षक तरीके से सजाने की तैयारी शुरू कर दी है।

## परिजनों ने लापरवाही का लगाया आरोप, प्रबंधन ने किया इंकार

# बक्सर सदर अस्पताल में प्रसव के लिए आई गर्भवती की मौत, हंगामा

- सिमरी प्रखंड के तिलक राय के हाता गांव निवासी चंदन कुमार की पत्नी आरती देवी की अस्पताल में मौत
- परिजन बोले- समुचित इलाज नहीं मिलने के कारण गई जान
- अस्पताल प्रबंधक बोले- डॉक्टरों के लाख प्रयास के बावजूद प्रसूता को नहीं बचाया जा सका

**केटी न्यूज/बक्सर**




बक्सर सदर अस्पताल में प्रसव के लिए आई एक गर्भवती की मौत इलाज के दौरान हो गई है। इसके बाद उसके परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगा हंगामा खड़ा किया। जबकि अस्पताल प्रबंधन ने कहा है कि उसका समुचित इलाज किया गया था। जानकारी के अनुसार सिमरी प्रखंड के तिलक राय के हाता गांव निवासी चंदन कुमार की पत्नी आरती देवी गर्भवती थी। उसके परिजन शुक्रवार को उसे लेकर सदर अस्पताल आए थे। लेकिन शनिवार को इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में मरीज के परिजन हीरा सिंह ने बताया कि उसका ठीक ढंग से इलाज नहीं हो रहा था। डाक्टर तथा नर्स किसी बातों का ठीक से जबाव भी नहीं दे रहे थे। जबकि वह प्रसव पीड़ा से परेशान थी। वहीं अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को एक यूनिट ब्लड चढ़ाने की बात कही है। बाद में अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें समझा बुझाकर घर भेज दिया। इस संबंध में अस्पताल प्रबंधक दुष्यंत सिंह ने बताया कि मरीज को डॉ भारती द्विवेदी एवं डा नमिता सिंह ने इलाज समुचित इलाल किया था। उसे बचाने का भरपूर प्रयास किया गया था। लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। उन्होंने परिजनों के आरोपों को खारिज किया।

**छह दिन पहले सदर अस्पताल में हुई थी मारपीटः** सदर अस्पताल में पिछले शनिवार को सुरक्षा कर्मियों एवं मरीज के परिजन के बीच जमकर मारपीट हुई थी। अस्पताल की कुव्यवस्था का पोल खोलने के लिए मरीज के परिजन मोबाइल में वीडियो बना रहे थे तो उसके साथ मारपीट की गयी। वहीं होमगार्ड के जवान तथा चिकित्सक ने मरीज के परिजनों पर हंगामा करने का आरोप लगाया था। आए दिन सदर अस्पताल में हंगामा होता रहता है।

### कलंकित हुई मां की ममता, झाड़ियों में फेंकी मिली नवजात

**धनसोई।** शनिवार को धनसोई में मां की ममता के कलंकित होने का एक लोमहर्षक मामला प्रकाश में आया है। धनसोई थानाक्षेत्र के जगमपुर व मोहरिया गांव के बीच झाड़ियों में कपड़े में लपेटकर एक नवजात बच्ची को फेंका गया था। संयोग से उस पर किसी जानवर की नजर पड़ने से पहले ही राहगीरों को उसकी सिसिकियां सुनाई पड़ गई। झाड़ियों से बच्चे की रोने की आवाज सुन राहगीर तुरंत वहां पहुंचे तो देखे कि एक थैले के अंदर कपड़े में लपेट एक बच्ची को सुलाया गया है। जंगल की आग की तरह कानोकान यह खबर पूरे गांव में फैल गई। बच्ची को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि कुछ घंटे पहले ही उसने इस दुनियां में आंखे खोली है। लेकिन उसे जन्म देने वाली मां की ममता शायद मर चुकी थी। जिस कारण बच्ची मां के गोद के बदले झाड़ियों में पड़ी थी। इस दौरान एक दंपति बच्ची के पालन पोषण के लिए अपने घर ले गया। लेकिन किसी ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दे दी थी। मौके पर पहुंची धनसोई थाने की पुलिस ने चाइल्ड लाईन की टीम को इसका हवाला दे बुलवाया तथा बच्ची को ममता की छांव देने वाले दंपति को समझा बुझाकर उक्त नवजात को चाइल्ड लाईन को सुपुर्द करवाया। क्षेत्र में पूरे दिन इस घटना की चर्चा होते रही। लोग कई तरह की बातें कर रहे थे।

### सड़क पर उभरे गड्ढे में अनियंत्रित हो पलटी बाइक, गिरने से वृद्धा का टूटा हाथ



**डुमरांव।** जर्जर हो चुके सुमित्रा कॉलेज पथ में शनिवार की सुबह अपने वृद्धा मां की कमर दर्द का इलाज कराने अस्पताल जा रहे एक बाइक सवार सड़क पर उभरे गड्ढें में अनियंत्रित हो फिसल गया। इस दुर्घटना में बाइक पर पीछे बैठी उसकी 75 वर्षीय मां का एक हाथ टूट गया। जानकारी के अनुसार नया भोजपुर डुमरी रोड निवासी मुन्ना गोस्वामी शनिवार को अपनी मां का इलाज कराने उन्हें बाइक पर बैठाकर सुमित्रा कॉलेज पथ से जा रहे थे। इसी बीच सड़क पर उभरे गड्ढे में बाइक अनियंत्रित हो पलट गई। इस पथ के खास्ताहाल के कारण शहर के एकमात्र महिला कॉलेज सुमित्रा महिला महाविद्यालय में हर दिन पढ़ने आने जाने वाली सैकड़ो छात्राओं को भी फजीहत झेलनी पड़ती है। हालांकि बाद में नगर परिषद प्रशासन द्वारा इस पथ में ईंट के टुकड़े डाल गड्ढें को पाटने का प्रयास किया गया। लेकिन रोलर नहीं चलाए जाने से वाहनों के परिचालन में कठिनाई बढ़ गई है।

## एक नजर

### डुमरांव अनुमंडल पत्रकार संघ की बैठक, पत्रकारों को सुरक्षा मुहैया कराने की उठी मांग

**डुमरांव।** शनिवार को डुमरांव अनुमंडल पत्रकार संघ की बैठक हुई। इसमें अररिया के पत्रकार विमल यादव हत्याकांड की निंदा करते हुए हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई। पत्रकारों ने इस घटना की भर्त्सना करते हुए कहा कि बिहार में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ भी सुरक्षित नहीं है। पत्रकारों का कहना था कि जिस निर्मम तरीके से अररिया के पत्रकार विमल यादव की हत्या की गई है उसकी जितनी भी निंदा की जाए कम होगी। पत्रकारों ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। जिसका परिणाम है कि आए दिन हत्या व बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। बैठक में पत्रकारों को सुरक्षा देने की मांग भी की गई। इस बैठक में वरिष्ठ पत्रकार रंजीत कुमार पांडेय, रविशंकर सिंह, अमर केशरी, मनोज मिश्र, अजय सिंह, गोलू सिंह, रजनीकांत दूबे, श्रीकांत दूबे, रविन्द्र दूबे, विनय कुमार, अनिल कुमार ओझा, मनीष कुमार, वरूण सिंह, प्रकाश कुमार बादल समेत कई अन्य पत्रकार मौजूद थे। बता दें कि दो दिन पूर्व अररिया में पत्रकार उमेश यादव की अपराधियों ने दरवाजा खुलवा गोली मार हत्या कर दी है। इस घटना से राज्यभर के पत्रकार आक्रोशित हैं।

### मलई बराज से सिंचाई सुविधा को लेकर विभाग ने की किसानों के साथ बैठक, नतीजा सिफर



**नावानगर।** मलई बराज से सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर स्थानीय किसानों के साथ विभागीय अधिकारियों ने शनिवार को एक बैठक किया। जिसमें विभागीय अधिकारियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पटना से आई योजना विभाग की टीम समेत रोहतास जिला के दो पंचायतों के किसानों ने हिस्सा लिया। बैठक में मलई बराज से मोटर पम्प द्वारा नहरों में पानी पहुंचाने की विषय पर चर्चा किया गया। लेकिन घंटो चली इस बैठक में भी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका। जिस कारण इस बैठक में भाग लेने वाले किसान खुद को ठगा महसूस कर रहे थे। वही धान के खेती के पिक आवर में सिंचाई की समस्या का समाधान नहीं होने से किसानों में गहरा आक्रोश देखा गया। बैठक में मौजूद सोन नहर प्रमंडल डिहरी के अधीक्षण अभियंता तथा पटना से आई एक्सपर्ट की टीम ने किसानों के सामने नदी में पानी को रोक कर पम्प द्वारा नहरों में पानी पहुंचाने करने की बात रखी। जिससे कि खरीफ फसलों की सिंचाई हो सके। पर अधिकारियों की इस बात पर बैठक में मौजूद किसानों ने डूबे क्षेत्र को बचाने के लिए गाइड बांध बनाए बिना किसी भी शर्त को मानने पर तैयार नहीं थे। वहीं अभियंताओं ने बताया कि पम्प सिस्टम में गाइड बांध की कोई जरूरत नहीं है। पर किसान अभियंताओं की किसी भी बात को मानने से इंकार कर दिया। फलस्वरूप बलाई गई बैठक वगैर नतीजा के समाप्त हो गई। बैठक में अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार यादव, कार्यपालक अभियंता, दावथ बीडीओ व काफी संख्या में रोहतास जिला के किसान उपस्थित थे।




### आशा कार्यकताओं के उन्मुखीकरण कार्यशाला में बोले सदर बीसीएम...

# फाइलेरिया के लिए एमडीए जरूरी

**केटी न्यूज/बक्सर**

आशा कार्यकताओं की हड़ताल खत्म होने के बाद स्वास्थ्य सेवाओं और कार्यक्रमों को गति देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वहीं, 20 सितंबर से जिले में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) कार्यक्रम की शुरूआत करना निर्धारित किया गया है। इस क्रम में सदर प्रखंड के जाशो, उमरपुर, जगदीशपुर व अहिरौली क्षेत्र की आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें एमडीए के विभिन्न बिदुओं पर चर्चा कर कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना बनायी गई।

सदर प्रखंड के बीसीएम प्रिंस कुमार ने आशा कार्यकताओं को बताया कि फाइलेरिया बीमारी से प्रभावित अंगों में सूजन आ जाती है जिससे मरीज दिव्यांग भी हो सकता है। जिससे उनको काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। हालांकि, फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कर फाइलेरिया से बचा जा सकता है। जिसकी महत्ता को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति ने इस अभियान को सफल बनाने का निर्देश जारी किया है।



**15 दिन पूर्व आशा कार्यकताओं को प्रथम भ्रमण करना है:** प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एमडीए राउंड के 15 दिन पूर्व आशा कार्यकताओं को प्रथम भ्रमण करना है। जिसमें वह अपने क्षेत्र के सभी घरों की सूची तैयार करेंगी और परिवार रजिस्टर बनाएंगी। जिसमें चिह्नित घरों में रहने वाले सभी लोगों का नाम, उम्र, लिंग, ऊंचाई व पता दर्ज किया जाएगा। साथ ही, गृह भ्रमण के दौरान क्षेत्र के सभी परिवारों को एमडीए की तिथि की जानकारी देने के साथ उनकी शंकाओं का भी समाधान करेंगी। वहीं, द्वितीय भ्रमण के दौरान घर घर जा कर परिवार के सभी उपलब्ध सदस्यों से मिलकर उन्हें फाइलेरिया रोग व उनसे होने वाली परेशानियों तथा उसके बचाव के तरीकों के बारे में बताएंगी।

**अपने सामने ही दवा खिलानी है :** आशा कार्यकर्ताओं को बताया गया कि अभियान के दौरान घर के सभी सदस्यों को उनके उम्र के अनुसार गोलियां दी जाएंगी और सभी लोगों को अपने सामने ही दवा खिलानी है। गर्भवती महिलाओं, दो साल से कम उम्र के बच्चों और किसी गंभीर रोग होने पर फाइलेरिया की दवा नहीं खिलानी है। दो से पांच वर्ष तक के बच्चों को डीईसी एक और अल्बेंडाजोल की एक गोली देनी है। पांच से 15 वर्ष तक के बच्चों को डीईसी की दो और अल्बेंडाजोल की एक गोली देनी है। वहीं, 15 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को डीईसी की तीन व अल्बेंडाजोल की एक गोली देनी है। ये गोलियां हमेशा चबा कर खाएं और खाली पेट कभी भी नहीं खाएं।

### लोगों को फाइलेरिया की दें जानकारी

बीईई मनोज कुमार ने कहा कि सभी आशा अपने अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करेंगी। उन्हें बताया जाए कि फाइलेरिया का इलाज समय पर नहीं शुरू होता है, तब यह बीमारी लाइलाज बन जाती है। इस बीमारी से संक्रमित होने के तीन से 15 साल बाद इसकी जानकारी होती है। ऐसे में लोगों को फाइलेरिया के लक्षणों की पहचान जरूरी है। जिससे समय पर संक्रमित लोगों का इलाज शुरू हो सके। यदि ज्यादा दिनों तक बुखार रहे, पुरुष के जननांग में या महिलाओं के स्तन में दर्द या सूजन रहे और खुजली हो, हाथ-पैर में भी सूजन या दर्द रहे तो यह फाइलेरिया होने के लक्षण हैं। ऐसे में तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर उपचार शुरू करवाना सुनिश्चित कराना चाहिए।

## एसडीओ ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की दी जानकारी

**डुमरांव।** शनिवार को अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एसडीएम कुमार पंकज की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रखंड व नगर अध्यक्षों के साथ ही प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में एसडीओ ने उन्हें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर हो रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण की जानकारी दी और उनसे नयें मतदाताओं खासकर महिला मतदाताओं का नाम सूची में जोड़वाने तथा माइग्रेट या मृत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। एसडीओ ने बताया कि अभी मतदाता सूची पुनरीक्षण का काम चल रहा है। वैसे युवक या युवती जिनका उम्र 18 वर्ष हो चुका है वे मतदाता सूची में अपना नाम जोड़वा सकते है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरा होने के बाद प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद दावा व आपत्ति के लिए एक महीने का समय दिया जाएगा। एसडीओ ने बताया कि अंतिम रूप से 5 जनवरी 2024 को फाईनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में कई राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, प्रमुख कार्यकर्ता व प्रशासनिक कर्मी मौजूद थे।







## जालसाजी का नया ट्रेंड... जालसाज ने कैंसल चेक से भंजा लिये 49 हजार रुपए, हैरान है बैंक प्रबंधन

- पुराना भोजपुर के इंडियन बैंक का था कैंसल चेक
- बड़ा सवाल, चेक पर लिखे कैंसल को कैसे मिटाया

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर में अनोखी जालसाजी का एक मामला सामने आया है। एक उपभोक्ता को फाइनेंस कराने के नाम पर किसी टाटा कैपिटल फाइनेंस का कर्मी बन एक जालसाज ने पहले उससे साइन किया हुआ कैंसल चेक लिया। फिर चेक पर कलम से लिखे कैंसल को किसी केमिकल से मिटा उस चेक के सहारे 49 हजार 500 रूपए की निकासी कर ली। बाद में जब उपभोक्ता के मोबाईल पर पैसा कटने का मैसेज आया तो वह भौच्चक रह गया तथा बैंक जाकर असलियत जानना चाहा। जब बैंक द्वारा उसे वह चेक दिखाया गया जिससे निकासी की गई थी तब जाकर उसे ठगी का अहसास हुआ।

पीड़ित पुराना भोजपुर के द्वारिका प्रसाद ने बताया कि उसके मोबाईल पर टाटा कैपिटल फाइनेंस कंपनी के नाम पर फोन आया था तथा बताया गया कि यदि आप लोन लेने के इच्छुक है तो आपके पास मेरा कर्मी जाएगा तथा कागजी प्रक्रिया पूरी करा लोन दिलवा देगा। मेरे हामी भरने पर एक अज्ञात व्यक्ति आया तथा मुझे लोन देने के नाम पर बंधक के तौर पर मुझसे एक कैंसल चेक मांगा। तब मैंने एक चेक उसे कैंसल कर दे दिया। लेकिन उसी चेक से 49 हजार 500 की निकासी कर ली गई है।

सूत्रों की मानें तो चेक पर कैंसल को इतनी सफाई से मिटाया गया था कि वह यूवी लैंप से भी दिखाई नहीं दे रहा था। बड़ा सवाल यह है कि चेक पर कलम से लिखे कैंसल को इतनी सफाई से कैसे मिटाया गया। इस मामले में बैंक की भूमिका पर भी सवाल खड़ा हो रहा है।

## बक्सर में धावा दल ने छापेमारी कर एक बाल श्रमिक को कराया मुक्त

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में श्रम विभाग द्वारा गठित धावा दल की टीम तथा दिशा के सदस्यों ने शनिवार को संयुक्त रूप से शहर के रामरेखा घाट के पास स्थित दुकानों पर छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान एक दुकान से एक बाल श्रमिक को मुक्त करा उसे बाल कल्याण समिति को सौंपा गया। टीम द्वारा उक्त दुकानदार के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है। बता दें कि बक्सर सहित जिलेभर के चाय, नाश्ता, मिठाई दुकानों सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों में नियमों को ताक पर रख बाल श्रमिकों से मजदूरी करवाई जा रही है। इसकी जानकारी



मिलने के बाद श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन अधिनियम के तहत धावा दल के माध्यम से छापेमारी करवा उन्हें मुक्त करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बक्सर में भी अभियान चलाया गया। टीम में बक्सर सदर प्रखंड व चौसा प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा दिशा के सदस्य शामिल थे।



## बोले एसपी... मोबाइल बनाने के विवाद में वारदात को दिया गया अंजाम

# युवक को घर के बाहर मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के चकिया गांव में शुक्रवार की देर शाम घर के बाहर पर बैठे 30 वर्षीय मोबाइल दुकानदार को गोली मार दी गयी। गोली उनके बाएं कंधे में लगी थी, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। फिलहाल उसका इलाज आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी दुकानदार चकिया गांव निवासी विनय शर्मा है। जिसकी मोपती बाजार में मोबाइल की दुकान है। परिजनों के द्वारा पास के एक गांव के दो लड़कों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। साथ ही, परिजन किसी विवाद से इन्कार कर रहे हैं। पिछले पंचायत चुनाव में वह बीडीसी मेंबर पद के लिए चुनाव भी लड़ चुका है।

दुकानदार की भाभी आरती देवी ने बताया कि वो शाम को अपना दुकान बंद कर वापस घर लौटे। उसके बाद नहाकर दालान में बैठे था। तभी दो बदमाश आएं और उसे गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते भाग निकले। गोली की आवाज सुन कर परिजन घर से बाहर निकले। जहां उन्होंने देखा कि विनय खून से लथपथ जख्मी हालत में दरवाजे पर गिरा पड़ा है। उसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए पीरो और फिर आरा सदर अस्पताल ले गए। घटना की सूचना मिलने पर सिकरहट्टा थानाध्यक्ष पवन कुमार भी पहुंचे। एसडीपीओ राहुल सिंह भी पहुंचे और अपने स्तर से छानबीन की।

**गोली लगने से टूट गयी सीने की हड्डी :** आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद दुकानदार को रेफर कर दिया गया। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए जिला मुख्यालय के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल ले गये। जहां इलाज कर रहे डॉक्टर ने बताया कि दुकानदार को गोली बाएं साइड सीने में लगी है। उसके कारण बाएं साइड के सीने की उसकी हड्डी टूट गई है। खून भी काफी बह गया है। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। साथ ही, उसके डैमेज पाट्र्स को रिपेयर कर दिया गया है। मरीज की स्थिति स्थिर है। हालांकि उसे अभी निगरानी में ही रखा जाएगा।

### मॉल लूटकांड में दोनों आरोपी जा चुके हैं जेल

एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला कि मोबाइल बनाने के विवाद सामने आ रहा है। पास के गांव राजमहलडीह के दो युवकों द्वारा गोली मारने का आरोप है। हालांकि, पुलिस ने दोनों की पहचान कर ली है और उनकी गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन कर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपित पूर्व में मॉल लूट कांड में भी जेल जा चुके हैं। दोनों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। जिसके कारण फायरिंग की घटना का मुख्य कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## जहानाबाद में देसी कार्यक्रम के अंतर्गत उपादान विक्रेताओं का डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

**जहानाबाद।** आत्मा के द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण केन्द्र किसान भवन में मैनेज, हैदराबाद एवं बामेती बिहार पटना के मार्गदर्शन एवं निदेशानुसार देसी कार्यक्रम के अंतर्गत आवेदन देने वाले 40 उपादान विक्रेताओं व अभ्यर्थियों का एक वर्षीय कृषि प्रसार सेवा में डिप्लोमा (देसी) कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसका विधिवत शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आत्मा संजय कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।



उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कृषि उपादान विक्रेताओं के क्षमता संवर्धन एवं उनकी तकनीकी जानकारी बढ़ाने हेतु आवश्यक है। फसल उत्पादन प्रणाली में रोग, कीट-व्याधि आदि की समस्या आने पर किसान भाई-बहन सबसे पहले उपादान विक्रेताओं की दुकान पर ही जाते हैं और कीटनाशक, दवा, उर्वरक आदि को खरीदते हैं। इसके लिए यह अतिआवश्यक है कि कृषि उपादान विक्रेताओं को सही कीटनाशक, दवा, उर्वरक आदि की समुचित जानकारी हो ताकि वे किसान को सही दवा व उर्वरक दे सकें। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षणार्थियों को 48 सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक क्लास के द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है। क्षेत्र भ्रमण के माध्यम से रोग, कीट, व्याधि की पहचान, उसके नियंत्रण के उपाय, दवा, उर्वरक आदि की जानकारी कृषि विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है। इस पाठ्यक्रम में चार क्विज, अर्धवार्षिक परीक्षा, वार्षिक परीक्षा आदि में पास होने वाले अभ्यर्थियों को मैनेज हैदराबाद के द्वारा डिप्लोमा प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

## बदमाश ने कानूनगो पर हथियार ताना दी जान से मारने की धमकी

**जहानाबाद।** बिहार में कानून व्यवस्था किस तरह से खराब हो चुकी है कि अब सरकारी कार्यालयों में घुसकर कर्मियों से मारपीट की जा रही है, बल्कि उन्हें गोली मारने की धमकी भी दी जा रही है। बदमाशों के इन हरकतों का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हाथों में पिस्टल लहराते युवक को देखा जा सकता है। पूरा मामला जहानाबाद जिले से जुड़ा है। जहां शकूराबाद थाना क्षेत्र के कंसुआ पंचायत भवन में खैरू चौक गांव का रहने वाला एक युवक अपने दोस्त के साथ पहुंचा था। गज्जू नाम का युवक अपना कोई काम जबरन करवाना चाहता था, लेकिन कानूनगो इसके लिए राजी नहीं था। कानूनगो गज्जू को बार बार कह रहा था कि जो कानून और नियमों के तहत होगा, वह किया जाएगा। लेकिन यह बात गज्जू और उसके दोस्त को पसंद नहीं आई। इसी बात को लेकर पहले युवक ने अपशब्दों का इस्तेमाल किया। बाद में पिस्टल निकालकर धमकी देने लगा। इस दौरान दूसरे दोस्त ने कानूनगो का मोबाइन छीनने की कोशिश की। वहां मौजूद किसी इस घटना का पूरा वीडियो बना लिया। जो अब वायरल हो रहा है। वहीं पंचायत भवन में हुई इस घटना के सामने आने के बाद जहानाबाद एसपी ने संबंधित थानाध्यक्ष को मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं।







## जेल का फाटक खुला, जोरदार नारों के साथ बाहर निकले क्रांतिकारी

# परंपरागत तरीके से मना बलिदान दिवस

**केटी न्यूज/बलिया**

19 अगस्त बलिया बलिदान दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने प्रतिभाग किया। हर वर्ष की तरह परंपरा के अनुरूप वो प्रतीकात्मक तौर पर सेनानियों के साथ जेल में गये, फिर जेल का फाटक खुला और सभी सेनानी बाहर निकले। इस दौरान भारत माता की जय और वंदेमातरम के उद्घोष से पूरा जेल परिसर गुंजायमान हो उठा। जेल से बाहर निकलने के बाद डिप्टी सीएम, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह समेत अन्य अतिथियों के साथ सेनानी राजकुमार बाघ की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर नमन किया। शहीदों के परिजनों को मिली सहायता राशि का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस लाईन के परेड ग्राउण्ड में भव्य जनसभा का भी आयोजन हुआ। जनसभा में डिप्टी सीएम श्री पाठक ने कहा कि बलिया साधारण धरती नहीं है। इसका अपना इतिहास रहा है। बलिया बलिदान दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर पूरे प्रदेश की ओर से यहां के वीर क्रांतिकारियों को नमन करता हूं। 1942 की क्रांति को साझा करते हुए कहा, गांधी जी के करो या मरो के नारे को यूं तो पूरे देश ने सुना, लेकिन बलिया के वीरों ने उसे हृदय से लगाकर आंदोलन में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। नतीजन, अंग्रेजों को उन क्रांतिकारियों के आगे झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम सबका अब यह कर्तव्य है कि इस आजादी को अक्षुण्य बनाए रखें।

**स्कूटी व कार देने की पहल को सबने सराहा :** परिहवन मंत्री दयाशंकर सिंह की ओर से एकमात्र जीवित सेनानी रामविचार पाण्डेय को चार पहिया वाहन तथा 75 सेनानी परिजनों को इलेक्ट्रिक स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। डिप्टी सीएम ने सभी के हाथ में चाभियां सौंपी। उन्होंने परिवहन मंत्री की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जिन्होंने देश की आजादी में अपनी जान दे दी, उनसे महत्वपूर्ण कोई हो ही नहीं सकता। उन क्रांतिकारियों के परिजनों के सम्मान की पहल अत्यंत सराहनीय है। सांसद दिनेश लाल यादव सहित अन्य अतिथियों ने भी इस पहल की सराहना की।

**अगले वर्ष और भव्य होगा समारोह:** कार्यक्रम में सभी अतिथियों के स्वागत करने के बाद परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा, बलिया के लिए आज का दिन गौरवन्वित करने वाला दिन है। हमारे बलिदानियों ने जो त्याग बलिदान किया है, उसी वजह से खुले में हम सांस ले रहे हैं। इसलिए देश पर सबसे पहले महान सेनानियों व शहीदो के परिवारों का अधिकार होना चाहिए। कहा कि अगले वर्ष यह कार्यक्रम 9 अगस्त से ही शुरू होगा। प्रतिदिन शहीद स्थलों पर अलग-अलग कार्यक्रम होंगे, और 19 अगस्त को भव्य समापन समारोह होगा। उन्होंने कहा कि सेनानी रामविचार पाण्डेय आजादी के लड़ाई के जीता जागता गवाह हैं। एक दिन शहर में उनको देखा कि अपने लड़के के साथ वृद्धावस्था में स्कूटर से कहीं जा रहे थे। उनके लड़के से कार की उपलब्धता के बारे में पूछा तो बताया कि बैंक में आईटीआर मांगा जा रहा है, जो नहीं है। उनके द्वारा कार खरीदने में असमर्थता जाहिर करने के बाद मैंने ठान लिया कि मौका मिला तो कार जरूर दूंगा। फिर मैंने अपने वेतन की धनराशि से कार खरीद कर देने का निर्णय लिया। आज बलिया बलिदान दिवस पर इस कार को देकर जो खुशी हो रही है, उसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता।

**बलिया का बागी तेवर हमेशा सलामत रहे :** कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने देश की आजादी में शहीद वीरों को नमन करते हुए कहा, आजादी की लड़ाई में जो योगदान बलिया का रहा है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। बलिया के खून में आज भी वही बागी तासीर देखने को मिलती है। वह तेवर हमेशा सलामत रहे, यही मेरी शुभकामना है।




### अपने इतिहास को जानें युवा, मिलेगी उन्हें प्रेरणाः नीरज शेखर

राज्यसभा सांसद नीरज शेखर ने खासकर स्कूली बच्चों से आवाह्न किया कि हमारे महान सेनानियों की कहानियों को सुनें, अपने इतिहास को जानें तथा देश के विकास में सकारात्मक योगदान देने की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि क्रांति में अहम योगदान के कारण ही बलिया को बागी कहा गया, जिसे सुनकर हर बलियावासी को गर्व होता है। इस अवसर पर ज़िलाधिकारी रवींद्र कुमार, एसपी एस.आनंद, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व विधायक संजय यादव, राजधारी सिंह, सहकारी बैंक के चेयरमैन विनोदशंकर दूबे सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



### बलिया क्रांति पर फिल्म बनाने की पहल

आजमगढ़ से सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने माई हो ललनवा दे द गीत के जरिए वहां उपस्थित लोगों के अंदर देशभक्ति का उत्साह भर दिया। उन्होंने कहा कि बचपन से बलिया के बागीपन को सुनता आया हूं। असंख्य वीरों में अपनी जान दी थी, तब जाकर हम सबको आजादी मिली है। इसमें बलिया के क्रांतिकारी वीरों का अभूतपूर्व योगदान रहा है। बलिया की क्रांति पर आधारित फिल्म बनाने की भी बात कही। उन्होंने नौजवानों से आवाह्न करते हुए कहा कि अपनी भाषा कभी नहीं भूलना चाहिए। चाहे लिखें-पढ़ें किसी भी भाषा में, पर अपनी मातृभाषा व स्थानीय भाषा से जरूर जुड़ें रहें। सभी स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा ग्रहण कर जीवन में आगे बढ़ने की भी शुभकामनाएं दी।

### संग्राम का केंद्र बिन्दु रहा है बलिया

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि 1857 में स्वतंत्रता संग्राम के नायक जिले के मंगल पाण्डेय थे, तो 1942 क्रांति के नायक चित्तू पाण्डेय। सुभाष चन्द बोस का भी कार्यक्षेत्र बलिया रहा था। उनके एक हाथ में गांधी जी की गीता, तो दूसरे हाथ में पिस्तौल थी। इसी का परिणाम था कि 1942 में ही बलिया को आजादी मिल गयी। इस प्रकार आजादी की लड़ाई का बलिया महत्वपूर्ण केंद्र विन्दु रहा है। आवाह्न किया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए केंद्र सरकार संकल्पित है। देश आत्मनिर्भर होगा, तभी सबल व समृद्ध भारत होगा। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि बलिया के लिए आज का दिन बड़ा दिन है। यहां का इतिहास गौरवन्वित करने वाला है। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने किया। संचालन करते हुए इतिहासकार डॉ शिवकुमार कौशिकेय ने आजादी के तमाम कहानियों को सबसे साझा किया।

## बलिया के रंगमंच पर जीवंत हुआ बागी बलिया का इतिहास

बलिया। 1942 के जन आंदोलन को रंगमंच पर नाटक के माध्यम से प्रस्तुत कर संकल्प के रंगकर्मियों ने ना सिर्फ अपने इतिहास को जीवंत किया, बल्कि अपनी वर्तमान पीढ़ी को अपने गौरवशाली अतीत पर गर्व करने का अवसर भी दिया। नाटक के दो शो हुए और लगभग दो हजार लोगों ने इसे देखा। यह बलिया के रंगमंच पर एक नया कीर्तिमान बन गया।

नाटक के पहले शो में सेंट जेवियर्स स्कूल धरहरा, सनबीम स्कूल अगरसंडा, द होराइजन गड़वार, फीनिक्स इंटरनेशनल स्कूल निमिया पोखरा, पिनैकल स्कूल भृगु आश्रम, गुरुकुल स्कूल गड़वार से बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल रहे, जबकि दूसरे शो में बलिया नगर एवं आस पास के लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे। परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर व जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्धघाटन किया। लगभग डेढ़ घंटे की प्रस्तुति को देखने के बाद जिलाधिकारी समेत मंत्री दयाशंकर सिंह व सांसद नीरज शेखर व सभी दर्शकों ने कलाकारों के सम्मान में खड़े होकर देर तक ताली बजाई। नाटक में कई ऐसे भावुक दृश्य भी आए जब लोगों की आंखे नम हो गई।

## बलिया के महापुरुषों ने पूरे देश का मान बढ़ायाः शमीम



**केटी न्यूज/बलिया**

◆ बलिया बलिदान दिवस पर मंगल पांडे की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद बोले प्रदेश सचिव

एआईएमआईएम पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकताओं ने शनिवार की दोपहर दो बजे कदम चौराहा स्थित अमर शहीद मंगल पांडेय की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर बलिया बलिदान दिवस मनाया। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश सचिव व बलिया सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि जनपद बलिया वीरों, क्रांतिकारियों, महापुरुषों की धरती रही है।

19 अगस्त 1942 को ही हमारा जनपद भारत के आजादी से 5 साल पहले आजाद हो गया था,बलिया की धरती पर जन्मे हुए महापुरुषों ने तो बलिया ही नहीं पूरे देश का मान सम्मान और नाम आगे बढ़ाया। मंगल पांडेय, चित्तू पांडेय, वीर कुंवर सिंह, पंडित महानंद मिश्रा, कोदई खान, शहीद राजकुमार बाघ जैसे लोगों ने हंसते-हंसते देश के लिए अपनी जाने की कुबार्नी दी। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी मोहम्मद नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद, जिला संगठन मंत्री मुदस्सीर अंसारी सहित सभी ब्लॉक्स के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।









## आईटीआई में रिक्त सीटों पर अभ्यर्थियों को पुनः मिलेगा मौका

**गाजीपुर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के प्रधानाचार्य ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सैदपुर एवं समस्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में द्वितीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद रिक्त सीटों के सापेक्ष अभ्यर्थियों को पुनः विकल्प प्राप्त किए जाते हैं। जिसके लिए परिषद की वेबसाइट www.scvtup.in पर अभ्यर्थियों से पुनः व्यवसाय विकल्प रिक्त सीटों के सापेक्ष प्राप्त किए जाने की व्यवस्था 20 से 22 अगस्त 2023 की रात बारह बजे तक उपलब्ध रहेगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनको प्रथम एवं द्वितीय चरण में कोई सीट आवंटित नहीं हुई है, उनसे यह अपेक्षा की जाती है कि वे www.scvtup.in लिंक पर जाकर रिक्त सीटों के सापेक्ष नवीन विकल्पों का ऑनलाइने Submission पर क्लिक करें। उन्हें अपना मोबाइल नंबर जन्मतिथि तथा वर्ग प्रविष्टि करनी होगी। तदोपरान्त अभ्यर्थी आवेदन पत्र में पवेश के लिए संस्थान, व्यवसाय, स्थानीय आरक्षण (केवल राजकीय संस्थानों के लिए) उपवर्ग एवं लिंक का विकल्प पुनः पंजीकृत करा सकते हैं।

### कचहरी में आगामी कार्यक्रमों को लेकर अधिवक्ताओं ने की बैठक

# जनविरोधी राजनेताओं को सबक सिखाने का काम करेंगे अधिवक्ता : भूपेन्द्र सिंह

**केटी न्यूज/चंदौली**

जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन शनिवार को जारी रहा। इस दौरान सुबह अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया। इस दौरान जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध में जमकर नारेबाजी भी की।



डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति अधिवक्ताओं के सम्मान व हित के लिए आंदोलन कर रही है। हम सभी एक हैं और आगे भी एक ही रहेंगे। हमें तोड़ने का प्रयास करने वालों को मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष मुगलसराय बार भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह से जायज है, अगर जल्द ही जनप्रतिनिधि जिले का विकास सुनिश्चित नहीं कराते हैं तो हम सभी लोग मिलकर न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले ऐसे जनविरोधी राजनेताओं को सबक सिखाने का काम करेंगे। राजेश दीक्षित ने कहा कि संघर्ष समिति जो भी निर्णय लेगी हम सभी उसके साथ हैं। क्योंकि उनका उद्देश्य जिले के सम्मान को सुरक्षित करने का है। साथ ही अधिवक्ताओं के हितों की लड़ाई के लिए न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति तमाम दबाव के बाद भी पूरी ताकत के साथ खड़ी है। ऐसे में हम सभी का यह फर्ज बनता है कि हम भी न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के साथ पूरी मुस्तैदी के साथ खड़े रहें। अंत में न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति के अध्यक्ष झन्मेजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई, जिसमें 22 अगस्त के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। साथ ही समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों को दायित्व सौंपा गया। मौके पर बजरंगी सिंह यादव, प्रवीण कुमार सिंह, महेंद्र चतुवेर्दी, प्रवीण यादव, गोकुल प्रसाद, समीर फारूकी, शेष बदन सिंह मोहम्मद अकमल, रमाकांत पांडेय, राकेश रत्न तिवारी, योगेश सिंह लड्डू, हरेन्द्र सिंह, हिटलर सिंह, नीरज सिंह, चन्द्रभूषण यादव, राजेंद्र प्रसाद, रमाशंकर यादव आदि उपस्थित रहे। समाप्ति की घोषणा पंचानन पांडेय व संचालन सत्येंद्र बिंद ने किया।

**संघर्ष समिति को मिला बार काउंसिल का साथ :** जिला न्यायालय एवं मुख्यालय निर्माण संघर्ष समिति के आंदोलन की गूंज अब इलाहाबाद हाईकोर्ट तक पहुंच चुकी है। लगातार डेढ़ माह से चल रहे आंदोलन को बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन व सदस्य हरिशंकर सिंह ने संज्ञान लिया। उन्होंने चंदौली के लिए संघर्षशील अधिवक्ता साथियों के प्रयासों को सराहा। अध्यक्ष झन्मेजय सिंह ने बताया कि 22 अगस्त को वाराणसी पीएमओ कार्यालय पर अधिवक्ताओं के दल के साथ बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैन हरिशंकर सिंह व उनकी टीम भी मौजूद रहेगी।

## फोरलेन चौड़ीकरण में निजी भूमि का चिन्हांकन पूर्ण : डीएम

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने बताया कि चंदौली सकलडीहा सैदपुर मुख्य सड़क को फोरलेन में परिवर्तन कर सड़क के चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है।उक्त सड़क के चौड़ीकरण कार्य में कुल प्रभावित गांवों की संख्या 38 है। इन गांवों में सड़क के प्रस्तावित नक्शे के अनुसार राजस्व विभाग सकलडीहा एवं लोक निर्माण विभाग के संयुक्त द्वारा पैमाइश की गई। जिलाधिकारी ने बताया कि संयुक्त पैमाइश में यह पाया गया कि कुल 29 गांवों में लोक निर्माण विभाग की भूमि पर्याप्त है,जिसमें किसी किसान या ग्राम सभा की भूमि प्रभावित नहीं हो रही है। शेष नौ गांव के खतौनी के अनुसार कुल 128 गाटा एवं लगभग कुल 1425 खातेदार प्रभावित हो रहे हैं। उक्त सड़क के चौड़ीकरण कार्य में जितने भी गाटा एवं खातेदार प्रभावित को रहे हैं उनका अंश निर्धारण का कार्य किया जा चुका है तथा शीघ्र ही मूल्यांकन दर निर्धारित करते हुए शासनादेश के अनुसार समस्त प्रभावित काश्तकारों के भुगतान की कार्यवाही की जाएगी। यदि किसी का स्ट्रक्चर/मकान/दुकान बना है तो उसका भी उचित मुआवजा दिया जाएगा बशर्ते वो जमीन निजी काश्तकार या निजी व्यक्ति की होनी चाहिए।

## एक माह से फरार दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर पुलिस ने दुष्कर्म व एससी-एसटी के मामले में पिछले एक माह से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ करने के बाद उसे संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक शरीर सिद्दीकी, आरक्षी मृदुल त्रिपाठी, महिला आरक्षी अंजू आदि ने झारखंड राज्य के पलामू जिला अंतर्गत भद्दी टोला थाना शहर से जरिए मुखबिर की सूचना पर हल्की मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया है।

इसके बाद स्थानीय थाने लाकर पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को आरोपी का चालान कर उसका मेडिकल मुआयना के बाद उसे न्यायालय में पेश किया। कोर्ट में सुनवाई के बाद आरोपों की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी को चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया। पिछले एक माह पहले थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक बगल के ही एक युवती को शादी का झांसा देकर उससे दुष्कर्म करता रहा। इसी बीच युवक की शादी कहीं दूसरे जगह होने की बात युवती को पता चला, तो उसने युवक पर शादी का दबाव बनाने लगी। इसके बाद युवक ने युवती का अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उसे धमकी देने लगा।




## 328 प्रार्थना पत्रों में से 28 का मौके पर निस्तारण

**गाजीपुर।** आम जनता से जुड़ी जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 60 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए और मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। जिले में पीड़ित व्यक्तियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सातों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। जिसमें कुल 328 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। मौके पर 28 शिकायतों का निस्तारण भी किया गया।




देखा जाए तो तहसील कासिमाबाद में अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहां 51 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें पांच का मौके पर निस्तारण हुआ। इसी क्रम में तहसील जमानियॉ में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। सैदपुर तहसील में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 एवं उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 34 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें मौके चार का निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 40 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए। जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 04 का निस्तारण किया गया। तहसील जखनियां में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 की अध्यक्षता में 84 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।

## सोमवार व नागपंचमी के लिए रुट परिवर्तित

**चंदौली।** श्रावण मास के सप्तम सोमवारी व नागपंचमी में श्रद्धालुओं के सुरक्षित व सुगम आवागमन के दृष्टिगत जिले में रूट डायवर्जन रहेगा। यह यातायात डायवर्जन प्लान रविवार सुबह 8 बजे से सोमवार की रात 11 बजे तक लागू रहेगा। इसके लिए पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार ने फरमान जारी कर दिया है।

एसपी के आदेशानुसार चंदौली से वाराणसी शहर की ओर वाया पचफेड़वा अंडरपास, आलमपुर तिराहा, चकिया तिराहा, कस्बा मुगलसराय होते हुए जाने वाले सभी वाहनों को पचफेड़वा अंडरपास से ही डायवर्ट कर दिया जाएगा। वहीं चंदौली से वाराणसी शहर की ओर वाया गोधना चौराहे, चकिया तिराहा, कस्बा मुगलसराय होते हुए जाने वाले वाहन गोधना चौराहे से ही डायवर्ट होकर हाईवे से अखरी बाईपास से वाराणसी जाएंगे। चंदौली की तरफ से वाराणसी शहर की ओर वाया चकिया तिराहा, कस्बा मुगलसराय, पड़ाव होते हुए जाने वाले वाहन गोधना चौराहे की ओर डायवर्ट कर दिए जाएंगे। चकिया तिराहे से कस्बा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर में ई-रिक्शा, ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के वाहनों के अतिरिक्त अन्य सभी वाहनों का प्रवेश पूर्ण रूप प्रतिबंधित रहेगा। पड़ाव चौराहे से वाराणसी राजघाट की तरफ समस्त वाहनों का प्रवेश निषेध रहेगा। रामनगर की तरफ से पड़ाव आने वाले वाहनों को साहुपूरी तिराहे से एफसीआई तिराहे की ओर डायवर्ट किया जाएगा। कटरिया और रामनगर की तरफ से आने वाले समस्त वाहन जिन्हें पड़ाव होकर वाराणसी अथवा पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जाना है। उन्हें कटरिया से एनएच-19 से राजातालाब अथवा गोधना चौराहे से अपने गंतव्य को जाएंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर की तरफ से आने वाले समस्त वाहनों को साहूपुरी रोड पर डाईवर्ट किया जायेगा। किसी भी वाहन को पड़ाव की तरफ नहीं जाने दिया जायेगा। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील किया है कि आवश्यक होने पर ही वाराणसी की तरफ डायवर्ट प्लान के अनुसार जाएं। कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।






## जिलाधिकारी ने पार्टी रवानगी स्थल का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# डीएम का आदेश: बरसात को देखते हुए सुरक्षित भेजे जाएं ईवीएम-वीवीपैट

केटी न्यूज/मऊ

विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उपचुनाव के मद्दंनजर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित पार्टी रवानगी स्थल का निरीक्षण किया। पूर्व में भी विधानसभा सामान्य निर्वाचनो के दौरान होने वाले चुनाव हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से ही पार्टी रवानगी का कार्य संपन्न होता रहा है।



विधानसभा क्षेत्र घोसी में उप निर्वाचन हेतु बरसात की संभावना के दृष्टिगत ईवीएम/वीवीपैट की सुरक्षा हेतु कलेक्ट्रेट परिसर से ही पार्टी रवानगी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्धारित स्थलों पर पोलिंग पार्टियों हेतु टेबल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने पार्टी रवानगी स्थल पर साफ सफाई एवं वॉटरप्रूफ टेंट की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। जिससे पार्टी रवानगी के दिन ईवीएम व वीवीपैट के साथ पोलिंग पार्टियों को सुरक्षित ढंग से निर्धारित मतदेय स्थलों तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान उन्होंने सरकारी कर्मचारियों तथा पोलिंग पार्टियों हेतु वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारिय एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**6 नामांकन पत्र किए गए निरस्त** : विधानसभा उप निर्वाचन के तहत घोसी विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उप निर्वाचन हेतु कुल 17 दाखिल नामांकन पत्रों की जांच की गई। जांच के दौरान 06 नामांकन पत्रों में विभिन्न कमियां पाए जाने के कारण निरस्त किया गया। शेष 11 नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए गए। निरस्त होने वाले नामांकन पत्रों में डॉ. चंद्रजीत निर्दल, अरविंद कुमार चौहान निर्दल, ओम प्रकाश चौहान राष्ट्रीय जनवादी पार्टी, अरविंद कुमार राजभर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी, राम अवतार निर्दल पार्टी एवं इस्माइल अंसारी अवामी पिछड़ा पार्टी का नामांकन पत्र जांच के दौरान कमियां पाए जाने पर निरस्त किया गया। रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र घोसी के उप निर्वाचन हेतु कुल 17 नामांकन पत्र दाखिल किए गये थे। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच गहनता पूर्वक निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक बेनहुर महेश दत्त एक्का की उपस्थिति में की गई।

## देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत स्कूली बच्चों ने निकाली रैली, लगाये गएं नारे

**मऊ।** रतनपुरा ब्लाक परिसर स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल के तरफ जाने वाला हर रास्ता आज भारत माता की जय, वंदे मातरम, अमर शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान के गगन भेदी नारों से गुंजायमान रहा। हाथों में तिरंगा ध्वज लिए सिर पर तिरंगा की पट्टी बांधे लगभग तीन दर्जन विद्यालयों एवं कोचिंग संस्थाओं के छात्र-छात्राओं का हुजूम जब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल की तरफ चला तो मनमोहक दृश्य उपस्थित था। बच्चों का हुजूम जिस भी रास्ते से गुजरा स्थानीय लोगों ने उन बच्चों का राष्ट्रवादी नारों एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। 19 अगस्त बलिया बलिदान दिवस के कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए उत्साही छात्र-छात्राओं का हुजूम देखकर सभी क्षेत्र वासी अपने अपने सेनानियों को नमन वंदन करने के लिए बच्चों को लगातार उत्साहित करते रहे शहीद स्मारक पर पहुंचे। बच्चों ने राष्ट्रवादी कार्यक्रमों के माध्यम से गीत, नाटक, एकांकी नृत्य प्रस्तुत कर स्वतंत्रता संग्राम के गौरवशाली अविस्मरणीय क्षण को जीवंत कर दिया। हर कोई बच्चों का उत्साह देखकर अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा था। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मारक स्थल पर छात्र-छात्राओं की अविरल श्रृंखला शनिवार को पूरे दिन चलती रही। स्मारक स्थल पर एक विद्यालय के बच्चे कार्यक्रम देते तो अन्य विद्यालय के बच्चे अपनी बारी की प्रतीक्षा में कड़ी धूप एवं उमस में भी कार्यक्रम देने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन करते हर तरफ राष्ट्रवाद का प्रबल ज्वार हिलोर लेते दिखाई दे रहा था।



## नव चयनित डिप्टी एसपी का रतनपुरा में हुआ भव्य स्वागत

**मऊ।** रतनपुरा विकासखंड स्थित सभागार में डिप्टी एसपी पद पर चयनित कौस्तुभ त्रिपाठी तथा सेवानिवृत्त डीआईजी कारागार वेद प्रकाश त्रिपाठी को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कौस्तुभ त्रिपाठी डिप्टी एसपी ने कहा कि ईश्वर सभी को प्रतिभावान बनाता है ,और हम अपने गुरुजनों, परिवारी जनों के कुशल मार्गदर्शन में उसे लक्ष्य की तरफ बढ़कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं। कौस्तुभ त्रिपाठी ने कहा कि गांव की अबो हवा शहरों की अपेक्षा बेहतर है।भले ही हमारी पढ़ाई लिखाई बड़े शहर में हुई, लेकिन गांव में अभी मन रचा बसा हुआ है। माता-पिता तथा गुरुजनों के आशीर्वाद से मैं अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहा। इसमें आप सभी लोगों का आशीर्वचन सम्मिलित है। मैं इस सम्मान समारोह में सम्मिलित होकर के अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। कार्यक्रम का सारगर्भित संचालन भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री रामाश्रय मौर्य ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त डीआईजी कारागार वेद प्रकाश त्रिपाठी ने अभ्यागतों को संबोधित करते हुए कहा कि बेहतर शिक्षा दीक्षा और अच्छे संस्कार ही बच्चों को प्रतिभावान बनाते हैं।





